भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2368

जिसका उत्तर दिनांक 16.03.2022 को दिया जाना है

अन्य देशों के साथ समझौता

2368. सुश्री देबाश्री चौधरी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश की परमाणु ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में भारत को वर्तमान में किन देशों से मदद मिल रही है;

(ख) क्या सरकार ने यूरेनियम की निर्बाध आपूर्ति के लिए विश्व के कुछ अन्य देशों के साथ समझौता किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) भारत वर्तमान में देश की नाभिकीय ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुडनकुलम में, जहां पर 2 यूनिटें (कुडनकलम नाभिकीय विद्युत परियोजना (केकेएनपीपी) - 1 तथा 2) पहले से ही प्रचालनरत हैं और चार यूनिटें (केकेएनपीपी - 3 से 6) निर्माणाधीन हैं, नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने हेतु रूसी परिसंघ से सहायता प्राप्त कर रहा हैं । उपरोक्त के अतिरिक्त, कनाडा, कज़ाख्स्तान और रूस ने भारत को यूरेनियम की आपूर्ति की ।

(ख) तथा (ग) जी, हां । भारत सरकार ने केकेएनपीपी में रूसी रिएक्टरों के लिए, उनकी विद्युत यूनिटों के प्रचालन के दौरान ईंधन की आपूर्ति के लिए रूसी परिसंघ सरकार से करार किया है । भारत ने कनाड़ा, कज़ाख्स्तान, रूस और उज्बेकिस्तान के साथ यूरेनियम क्रय करार किया है ।

* * * * *